A

SAMAGRA SHIKSHA, KERALA
SECOND TERMINAL EVALUATION 2018-2019

809

Third Language

Time : 90 minutes

Maximum Score : 40

VIII

HINDI

सामान्य निर्देश :

- 15 मिनट का कूल ऑफ़ टाईम दिया जाएगा।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'बात उस मंगलवार की' डायरी का यह अंश पढ़कर 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> यही जंगल के बीच सभी मेरे क्लीनिक हैं। मुझे इसी तरह का डॉक्टर बने रहना है। यही काम मुझे अच्छा लगता है और इसी काम का मुझे रोज़ इंतज़ार रहता है।

1. '**प्रतीक्षा**' का समानार्थी शब्द है- 1

   (क) जंगल (ख) काम

   (ग) इंतज़ार (घ) रोज़

2. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

   (क) रमणी अटकुरी गरीबों का इलाज नहीं करती है।

   (ख) रमणी अटकुरी जंगल में क्लीनिक चलाती है।

   (ग) रमणी अटकुरी मरीज़ों से फीस लेती है।

   (घ) रमणी अटकुरी शहर में क्लीनिक चलाती है।

3. संकेतों की सहायता से डॉक्टर रमणी अटकुरी की चरित्रगत विशेषताओं पर टिप्पणी लिखें। 4

   - कर्तव्यनिष्ठ
   - समाज सेविका
   - निस्वार्थ

सूचना : 'सुख-दुख' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें, 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> अविरत दुख है उत्पीड़न
> अविरत सुख भी उत्पीड़न
> दुख-सुख की निशा दिवा में
> सोता-जागता जग-जीवन।

4. '**निरंतर**' के अर्थ में प्रयुक्त शब्द है- 1

   (क) उत्पीड़न (ख) अविरत

   (ग) निशा (घ) जग

5. कवि ने उत्पीड़न के क्या-क्या कारण बताए हैं? 2

6. कवितांश का आशय लिखें। 3

सूचना : 'डॉक्टर के नाम मज़दूर का पत्र' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

तुम्हारे पास आते हैं जब
बदन पर बचे चिथड़े खींच कर
कान लगाकर सुनते हो तुम
हमारे नंगे जिस्मों की आवाज़
खोजते हो कारण शरीर के भीतर

7. समान आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें : 2

मरीज़ मज़दूर अपने फटे कपड़े पहनकर डॉक्टर के पास आते हैं।

8. '**तुम**' के बदले '**मैं**' का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें। 1

तुम कान लगाकर **सुनते हो**।

9. 'खोजते हो कारण शरीर के भीतर' –असल में गरीबों की बीमारी का कारण क्या है? अपना विचार लिखें। 2

सूचना : 'पिता का प्रायश्चित' संस्मरण का यह अंश पढ़कर 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

उन्होंने उत्सुकतापूर्वक पूछा, "तुम लेट क्यों हुए?" उन्हें यह बताते हुए मुझे बहुत शर्म आई कि मैं जॉन बेन की एक पश्चिमी फ़िल्म देख रहा था। इसलिए मैंने कह दिया कि कार तैयार नहीं थी इसलिए मुझे वहाँ देर हो गई।

10. कौन पश्चिमी फ़िल्म देख रहा था? 1

(क) मनीलाल गांधी (ख) अरुण गांधी
(ग) जॉन बेन (घ) अरुण गांधी की बहिन

11. 'अरुण गांधी ने झूठ बोला कि कार तैयार नहीं थी।' -इस तरह झूठ बोलना क्या सही है? क्यों? 2

12. प्रस्तुत प्रसंग के आधार पर मित्र के नाम अरुण गांधी का पत्र लिखें। 4

अथवा

'तुम लेट क्यों हुए?' पिताजी के यह पूछने पर अरुण गांधी को शर्म आई। अपने मन के विचारों को उन्होंने डायरी में लिखा। अरुण गांधी की डायरी लिखें।

सूचना : 'मेरे बच्चे को सिखाएँ' पत्र का यह अंश पढ़कर 13 से 15 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> अगर संभव हो तो उसे किताबों की मनमोहक दुनिया में अवश्य ले जाएँ। साथ-साथ उसे प्रकृति की सुंदरता, नीले आसमान में उड़ते आज़ाद पक्षी, सुनहरी धूप में गुनगुनाती मधुमक्खियाँ, और पहाड़ के ढलानों पर खिलखिलाते जंगली फूलों की हँसी को भी निहारने दें।

13. यह पत्र अब्रहाम लिंकन ने किसके नाम पर लिखा? 1

14. सही मिलान करें। 3

नीला	धूप
सुनहरी	लोग
भले	आसमान

15. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करके लिखें। 2



16. कबीर के इस दोहे का आशय लिखें। 2

> बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।
> पंथी को छाया नाहिं, फल लागै अतिदूर।।

सूचना : निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें।

जब बोलो, तब हँसकर बोलो
बातों में मिसरी-सी घोलो
जब बोलो तब झुककर बोलो
सोच-समझकर रुककर बोलो
अपने मन की बातें खोलो
जब बोलो तब हँसकर बोलो

मिसरी घोलना- മധുരം ചേർക്കുക

17. कविता के लिए उचित शीर्षक लिखें। 1

18. दूसरों से बातें करते समय हमें किन-किन बातों पर ध्यान देना है? 3

19. नमूने के अनुसार उचित वाक्य चुनकर कार्टून की पूर्ति करें। **4**



- अम्मा, बेचारा तोता घायल है।
- अम्मा, मैं आ गया।
- इस डिब्बे में एक तोता है। मैं इसे पालूँगा।
- अरे इस डिब्बे में क्या लाए हो?
- नहीं, तुम इस तोते को नहीं पाल सकते।